दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 30 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 302

महत्वपूर्ण एवं खास

तेलंगाना में 5 श्रमिकों की दर्दनाक मौत, 100 फीट गहरी सुरंग से केबल के सहारे निकल रहे थे बाहर

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां के कोल्लापुर में एक लिफ्ट सिंचाई परियोजना में काम कर रहे पांच मजदूरों की मौत हो गई। कोल्लापुर पुलिस निरीक्षक वेंकट रेड्डी ने बताया, घटना बीती देर रात की है। पुलिस के मुताबिक, यहां की एक अंडरग्राउंड कंस्ट्रक्शन साइट पर पांच युवकों को जमीन के 100 मीटर नीचे पड़े पाया गया। उनके शरीर पर चोट के भी निशान थे, जिसके बाद श्रमिकों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, यहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऑनलाइन की गई अपमानजनक टिप्पणी भी अब एससी/एसटी एक्ट के दायरे में आएगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केरल हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के किसी व्यक्ति के खिलाफ ऑनलाइन की गई अपमानजनक टिप्पणी भी एससी/एसटी अधिनियम के तहत मानी जाएगी। उच्च न्यायालय का ये फैसला एक यूट्यूबर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए आया, जिसने कथित तौर पर अपने पति और ससुर के एक साक्षात्कार में एसटी समुदाय की एक महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी और इसे सोशल मीडिया साइटों यूट्यूब और फेसबुक पर अपलोड किया था। एजेंसी के मुताबिक गिरफ्तारी के डर से यूट्यूबर ने अग्रिम जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। आरोपी ने तर्क दिया था कि पीड़िता साक्षात्कार के दौरान मौजूद नहीं थी, इसलिए एससी/एसटी अधिनियम के प्रावधान आकर्षित नहीं होते है। आरोपी ने ये भी कहा कि अपमानजनक टिप्पणी तभी मानी जानी चाहिए, जब वह पीड़ित की मौजूदगी में की जाए।

नैनीताल में फिर भयंकर भूस्खलन, भवाली रोड पर पहाड़ी दरकने से 30 मीटर सड़क खाई में समाई

नैनीताल (आरएनएस)। नैनीताल में अभी अभी फिर भयंकर भूस्खलन हुआ है। नैनीताल को जोड़ने वाले भवाली मार्ग पर पहाड़ दरकने से आवागमन ठप हो गया। सड़क़ा करीब 30 मीटर हिस्सा खाई में तब्दील हो गया है। सडक़ा का 30 मीटर हिस्सा खाई में समाने के कारण पर्यटकों व दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को अब ज्योलिकोट के रास्ते नैनीताल आना पड़ेगा। जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट समेत लोनिवि अभियंता मौके पर पहुंच गए हैं। शुक्रवार को नैनीताल में सुबह से बारिश होती रही। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे नैनीताल से छह किमी दूर कैंट के व्यू प्वॉइंट के पास पहाड़ी दरकने लगी और विशालकाय बोल्डर मलबे में तब्दील हो गई। पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिरने का सिलसिला जारी है। सूचना पर डीएम धीराज गर्ब्याल प्रधनमंत्री स्वनिधि योजना लाभार्थियों के सम्मान को आयोजित कार्यक्रम छोडक़र मौके के लिए रवाना हो गए हैं। तल्लीताल थाना पुलिस भी तैनात कर दी गई है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता दीपक गुप्ता के अनुसार बोल्डर लगातार गिर रहे हैं। पहाड़ दरकने के बाद माना जा रहा है कि सडक़ लंबे समय तक बंद हो सकती है। सडक़ को फिर से शुरू करने के लिए काफी जद्दोजेहद करनी पड़ेगी। उधर रोड बंद होने से सचिव अरविंद ह्यांकी भी फंस गए।

बाड़मेर में एयरफोर्स का एमआईजी-21 क्रैश, दोनों पायलटों की मौत- 1 किमी तक बिखरा मलबा

बाड़मेर (आरएनएस)। राजस्थान से एक बड़ी खबर आ रही है जिसमें एक मिग विमान हादसे का शिकार हो गया। राजस्थान के बाड़मेर जिले में बीती रात एक एमआईजी-21 हादसे की चपेट में आकर क्रैश हो गया। ये एमआईजी-21 विमान बाड़मेर जिले के बायतू इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

घटना इतनी भीषण थी कि विमान का मलबा करीब 1 किमी के दायरे में जाकर बिखर गया। खबर के मुताबिक इस हादसे में प्लेन में मौजूद दोनों पायलट शहीद हो गए हैं। बता दें कि, विमान में दो पायलटों के पैराशूट नहीं खुले थे। हालांकि, घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ओर एयरफोर्स के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

दरअसल, ये हादसा बायतु थाना क्षेत्र के भीमड़ा गांव में हुआ है। वहीं, इस मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाड़मेर में मिग-21 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी से बात की। इस दौरान वायुसेना प्रमुख ने उन्हें घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, विमान नीचे गिर गया और आग का गोला बन गया। ऐसे में बताया जा रहा है कि हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है।

वहीं, फाइटर जेट मिग 21 के क्रैश होने की सूचना से गांव में अफरा तफरी मच गई। हालांकि, यह घटना करीब रात 9 बजे की बताई जा रही है। हादसे के दौरान प्लेन का मलबा आधा किलोमीटर तक बिखर गया है। ये हादसा इतना भीषण था कि पूरे इलाके में तेज धमाके के साथ आग की लपटें देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाडिय़ा घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। गनीमत रही कि विमान हादसे से पहले आबादी वाले इलाके से दूर पहुंच चुका था। फिलहाल जिला प्रशासन और वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

इस मामले में भारतीय वायु सेना के मुताबिक, वायुसेना का एक ट्विन सीटर मिग-21 ट्रेनर विमान आज शाम राजस्थान के उतरलाई हवाई अड्डे से प्रशिक्षण के लिए उड़ान के लिए रवाना हुआ था। जहां रात करीब 9:10 बजे बाड़मेर के पास विमान का एक्सीडेंट हो गया। इस दौरान दोनों पायलटों को मौत हो गई है। वहीं, भारतीय वायुसेना को जान गंवाने का गहरा अफसोस है। हालांकि, मृतक परिवारों के साथ वायुसेना मजबूती से खड़ी है। वहीं, हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंचयरी के आदेश दे दिए गए हैं।

टेकऑफ से पहले रनवे पर फिसली इंडिगो की फ्लाइट, विमान में 98 यात्री थे सवार

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में विमानों में तकनीकी गड़बड़ी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6एफ-757 को उड़ान भरने से पहले ही रद्द कर दिया गया। बताया गया है कि विमान असम के जोरहाट से बंगाल के कोलकाता जाने वाला था। हालांकि, जब इसे टेक-ऑफ के लिए लाया जा रहा था, उसी दौरान विमान फिसल गया। पायलट के निर्देश पर विमान को जांच के लिए भेजा गया। हालांकि, शुरुआती जांच में फ्लाइट में कोई दिक्कत नहीं मिली है। इस घटना में कोई यात्री जख्मी नहीं हुआ। गुवाहाटी कोलकाता इंडिगो उड़ान 6एफ 757 (6एफ757) रनवे से फिसल गई और असम के जोरहाट हवाई अड्डे पर कीचड़ भरे मैदान में फंस गई। उड़ान दोपहर 2.20 बजे प्रस्थान करने वाली थी, लेकिन घटना के बाद उड़ान में देरी हुई। उनकी पोस्ट का जवाब देते हुए, इंडिगो ने कहा कि सर, हम इस घटना को गंभीर रूप से ले रहे हैं और इस मुद्दे को संबंधित टीम के साथ तुरंत उठा रहे हैं। कृपया उसी के लिए डीएम के माध्यम से पीएनआर साझा करें। एएआई के अधिकारी ने कहा कि विमान में कुछ तकनीकी खराबी थी और रात करीब 8:15 बजे उड़ान रद्द कर दी गई। विमान में 98 यात्री सवार थे। सभी यात्री विमान से उतर गए और सुरक्षित हैं। संपर्क किए जाने पर इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हम फिलहाल जानकारी की जांच कर रहे हैं।

भारतीय सेना ने महज 4 घंटे में पूरा किया रेस्क्यू ऑपरेशन, 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी बच्ची को सुरक्षित निकाला बाहर

सुरेंद्रनगर (आरएनएस)। भारतीय सेना की एक टीम ने गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के गजनवाव गांव में एक बोरवेल से 12 साल की बच्ची का रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू करने के बाद लडक़ी को इलाज और निगरानी के लिए सरकारी चिकित्सा अस्पताल भेज दिया गया है।

ध्रांगधरा डिप्टी कलेक्टर एम.पी. पटेल ने बताया, 12 वर्षीय मनीषा खेत में खेल रही थी, जहां उसके माता-पिता काम कर रहे थे। खेलते समय वह 600 से 700 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई। गांव के सरपंच ने स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया और आग और चिकित्सा टीमों को भेजा गया। जिला कलेक्टर ने ध्रांगधरा में स्थित सेना से एक टीम की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया।

बोरवेल में गिरी बच्ची, (जो 60 से 70 फीट की ऊंचाई पर ही थी) को निकालने में सेना की टीम को महज चार घंटे का समय लगा। इसके लिए सेना की टीम की खूब प्रशंसा भी हो रही है। अधिकारी ने कहा कि सुबह करीब 11.30 बजे लडक़ी को निकाला गया और फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसे कुछ समय के लिए निगरानी में रखा जाएगा।

कर्नाटक में तीन हत्याओं ने लिया सांप्रदायिक रंग, पुलिस अलर्ट पर

बेंगलुरू (आरएनएस)। हिजाब संकट, मुस्लिम व्यापारियों के बहिष्कार का आह्वान और बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या के बाद, तटीय जिले दक्षिण कन्नड़ में तीन युवकों की हत्या अब सांप्रदायिक रूप ले रही है। निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। हत्या को लेकर हिंसा तब शुरू हुई जब 20 जुलाई को सुलिया तालुक के कलांजा गांव में एक रोड रेज मामले में 18 वर्षीय बी. मसूद पर आठ लोगों ने हमला कर दिया। 21 जुलाई को उसकी मौत हो गई। मसूद हत्याकांड की जांच कर रही बेल्लारे पुलिस सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। 26 जुलाई को बाइक सवार बदमाशों ने बेल्लारे कस्बे में भाजपा कार्यकर्ता 31 वर्षीय प्रवीण कुमार नेतारू पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। तटीय क्षेत्र हत्याओं के मामले में बात करें तो, बदमाशों के एक गिरोह ने 23 वर्षीय फाजिल मंगलपेट की सूरथकल शहर में एक कपड़े की दुकान के सामने हत्या कर दी। इस हत्या का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

सूत्रों के मुताबिक, तीनों हत्याएं बदले की नियत से की गई थी। पुलिस ने कहा कि रोड रेज में मसूद की हत्या के कारण प्रवीण की मौत हो गई। प्रवीण जेल में बंद आरोपियों (मसूद की हत्या के मामले में) की मदद कर रहा था और इसलिए बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने प्रवीण के परिवार से मुलाकात की और सरकार की ओर से मुआवजे के रूप में 25 लाख रुपये का चेक जारी किया। पार्टी ने अलग से 25 लाख रुपये दिए थे। वहीं मसूद के परिवार को आज तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। परिवार का कहना है कि जिला प्रशासन ने मेडिकल बिल का भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन उसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है।

मंगलुरु में युवक की नृशंस हत्या, मुस्लिमों को घरों में नमाज पढऩे के निर्देश- धारा 144 लागू

मंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में गुरुवार को एक 23 वर्षीय मुस्लिम युवक की हत्या कर दी गई। इससे ठीक दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्टा के एक नेता की हत्या कर दी गई थी, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। हालात तनावपूर्ण होते देख मेंगलुरु जिले के सूरतकल इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने कस्बे के मुस्लिमों से कहा है कि वे आज जुमे की नमाज अपने घरों में ही अदा करें। सूरतकल मंगलुरु जिले के बाहरी हिस्से में स्थित है। यहां 23 साल के युवक की चार-पांच अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने गुरुवार शाम हत्या कर दी। इसी तरह की घटना दो दिन पूर्व दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे में भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू के साथ हुई थी। तीन बाइक सवार हमलावरों ने उनकी दुकान के सामने उन्हें मार डाला था। मंगलवार रात जब नेट्टारू अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे तब यह घटना हुई थी।

करोड़ों रुपए के घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी ने खुद को बताया 'साजिश का शिकार', सदमे में अर्पिता

कोलकाता (आरएनएस)। करोड़ों रुपये के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को शुक्रवार को यहां ईएसआई अस्पताल लाया गया। उन्हें ईडी अधिकारी नियमित चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों में से अर्पिता मुखर्जी को सबसे पहले अस्पताल लाया गया। जैसे ही ईडी का वाहन उन्हें लेकर अस्पताल परिसर पहुंचा, वह फूट-फूट कर रोने लगी।

उन्होंने वाहन से बाहर आने से भी इनकार कर दिया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और साथ में केंद्रीय सशस्त्र बलों की महिला कर्मचारियों को उन्हें बाहर खींचकर अस्पताल की इमारत में ले जाना पड़ा। अर्पिता मुखर्जी का व्यवहार देखते हुए स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है कि वह मामले में घिरने के बाद सदमें में हैं और इस बीच उन्होंने प्रतीक्षारत मीडियाकर्मियों से एक शब्द भी नहीं कहा।

उन्हें इमारत के अंदर ले जाने के तुरंत बाद, पार्थ चटर्जी को लेकर ईडी का एक अन्य वाहन अस्पताल परिसर पहुंचा। लेकिन मुखर्जी के विपरीत, उन्होंने किसी भी भावनात्मक ²श्य का सहारा नहीं लिया और ईडी कर्मचारियों द्वारा धकेले गए व्हीलचेयर पर अस्पताल की इमारत में जाते समय, उन्होंने मीडिया को सिर्फ वन-लाइनर (एक लाइन में) जवाब देते हुए कहा, मैं साजिश का शिकार हूं।

हालांकि, उनके द्वारा एक लाइन का दिया गया जवाब राजनीतिक हलकों की तीखी प्रतिक्रियाओं को भडक़ाने के लिए काफी था। चटर्जी के इस वन-लाइनर का मजाक उड़ाते हुए, राज्य तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि ऐसे मामलों में स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती मैं निर्दोष हूं। घोष ने कहा, हालांकि, अगर पार्थ चटर्जी वास्तव में सोचते हैं कि वह साजिश का शिकार हैं, तो उन्हें अदालत में इसे साबित करना चाहिए।

शिक्षक भर्ती घोटाले में नया मोड़, अर्पिता मुखर्जी की 4 लग्जरी गाड़ियां गायब- भारी कैश होने की आशंका

शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मंत्री पॉर्थ चटर्जी की नजदीकी अर्पिता मुखर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इसी कड़ी में अब यह खबर सामने आ रही है कि डायमंड सिटी फ्लैट कॉम्पलेक्स से अर्पिता की 4 लग्जरी गाडिय़ां गायब हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ईडी के सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि इन कारों में कैश भरा हुआ था। ईडी इस पूरे मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि इस दौरान ईडी ने अर्पिता की एक मर्सिडीज कार को जब्त कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डायमंड सिटी से जो कारें गायब हुई हैं, उनमें दो कार अर्पिता मुखर्जी के नाम पर हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के चिनार पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी से जुड़े एक अन्य अपार्टमेंट पर बृहस्पतिवार देर शाम छापा मारा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी थी। ईडी ने मुखर्जी के एक फ्लैट से लगभग 28 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के एक दिन बाद इस फ्लैट पर छापा मारा है। केंद्रीय एजेंसी कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में मुखर्जी को गिरफ्तार कर चुकी है। पिछले हफ्ते शहर में उसके एक और फ्लैट से ईडी ने 21 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी जब्त की थी।

मुंबई एयरपोर्ट के पास 48 ऊंची इमारतों के हिस्से होंगे धवस्त, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

मुंबई (आरएनएस)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आस-पास बनी खतरनाक ऊंची इमारतों पर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए मुंबई उपनगर के कलेक्टर को एयरपोर्ट के पास बनी 48 ऊंची इमारतों के हिस्से को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार एक निश्चित ऊंचाई से ऊपर के हिस्से को ध्वस्त किया जाना है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि, ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई 19 अगस्त तक पूरी कर लिया जाए।

बता दें कि, एयरपोर्ट के पास ऊंची इमारतों से विमानों को होने वाले खतरे पर हाईकोर्ट के पास वर्ष 2019 में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। वकील यशवंत शिनॉय द्वारा दायर इस याचिका में मांग की गई थी कि एयरपोर्ट के समीप बने निर्धारित ऊंचाई से अधिक ऊंचे भवनों पर कार्रवाई कर इन्हें ध्वस्त करने का आदेश दिया जाए। ये सभी भवन विमानों के लिए बेहद खतरनाक हैं।

इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक ने यह कड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट का यह आदेश केवल इमारत के उन्हीं हिस्सों को गिराने के लिए हैं जो एक निश्चित ऊंचाई से ऊपर हैं।

सुबह पांच बजे खुले मंदिर के कपाट, ज्वालामुखी में 10000 श्रद्धालु हुए नतमस्तक

ज्वालामुखी (कांगड़ा)/चामुंडा (आरएनएस)। शक्तिपीठ ज्वालामुखी में शुक्रवार को श्रावण अष्टमी नवरात्रों का भव्य आगाज हुआ। ज्वालामुखी मंदिर को दो क्विंटल देसी-विदेशी फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मंदिर में शुक्रवार को 10,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। मंदिर के कपाट सुबह 5:00 बजे खोल दिए गए थे। सुबह से श्रद्धालु मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन करने के लिए लाइनों में लगे थे। मंदिर अधिकारी विचित्र सिंह, एसीएफ राजेंद्र कुमार, एसडीएम मनोज ठाकुर ने विधिवत पूजा-अर्चना और कन्या पूजन से श्रावण अष्टमी नवरात्रों का आगाज किया।

ज्वालामुखी मंदिर एसीएफ राजेंद्र कुमार ने बताया कि नवरात्रों के दौरान मंदिर में नारियल, ढोल-नगाड़े ले जाना प्रतिबंध है। पुलिस के 150 जवान और 75 होमगार्ड सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। पुजारी अविनेंद्र शर्मा ने बताया कि पहले नवरात्र पर मंदिर में करीब 10,000 श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए।

पहले नवरात्र के दिन 3000 ने नवाया शीश

श्रावण अष्टमी नवरात्र के पहले दिन श्री चामुंडा में 3,000 श्रद्धालु मां के दर पहुंचे। मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से एक रिजर्व पुलिस ओर 30 होम गार्ड जवान तैनात किए गए। हर आने-जाने वाले रास्ते पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। मंदिर प्रशासन ने पहले ही बाण गंगा में नहाने व नारियल चढ़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर भी लाउड स्पीकर से समय-समय पर श्रद्धालुओं को आगाह किया जा रहा है। मंदिर में प्रवेश से पहले हर श्रद्धालु को मैटल डिटेक्टर से गुजारा जा रहा है।

वैष्णव केंद्र के रूप में विकसित होगी अयोध्या, हर मोहल्ले में दिखेगी पौराणिक चरित्रों की झलक

लखनऊ (आरएनएस)। भगवान राम की नगरी अयोध्या को वैष्णव केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी हो रही है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को न सिर्फ श्रीराम के दर्शन होंगे, बल्कि यहां के हर मोहल्ले में वैष्णव परम्परा की आभा देखने को मिलेगी, साथ ही भवनों के नाम भी पौराणिक चरित्रों पर आधारित होंगे। इसके तहत यहां बनने वाले विभिन्न नए सरकारी भवनों एवं होटल में नागर शैली की वास्तुकला की झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी की मंशा है कि अयोध्या आने वाले पर्यटकों को सिर्फ राम

धुन ही न सुनाई दे बल्कि त्रेतायुगीन चरित्रों के दर्शन भी हों। इसके लिए वहां बन रहे भवनों के नाम कौशल्या, वशिष्ठ, उर्मिला, श्रुतिकीर्ति, मांडवी जैसे पौराणिक चरित्रों के नाम पर रखे जाएंगे। वहां बने हवाई अड्डे का नाम मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के नाम पर और मेडिकल कॉलेज का नाम राजा दशरथ के नाम पर रखा जा चुका है। साथ ही विशिष्ट वास्तुकला के बारे में जानकारी देते हुए भवनों पर पट्टिका भी लगाई जाएगी, जिससे आने वाली पीढ़ी को वैष्णव सम्प्रदाय की वास्तुकला के बारे में जानकारी मिल सके। सदर तहसील के पीछे 2 एकड़ से ज्यादा की भूमि पर 46 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से बन रहे नए नगर निगम भवन की वास्तुकला में वैष्णव संस्कृति के दर्शन होंगे। यह भवन भूतल के साथ चार तल का होगा। साथ ही इसमें सभी पार्षदों का एक-एक कक्ष होगा। चूंकि नगर निगम किसी भी शहर का सबसे मुख्य भवन होता है इसको देखते हुए इसमें एक पुस्तकालय बनाया जाएगा। जिसमें शहर के गजेटियर के साथ-साथ अयोध्या के इतिहास से जुड़ीं सभी पुस्तकें, शोध एवं काव्य उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही 37 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी, जिसमें व्यवसायिक गतिविधियां भी संचालित होंगी। चार मंजिला बना रहे इस मल्टीलेवल पार्किंग में 282 चार पहिया वाहन और 309 दो पहिया वाहन खड़े हो पाएंगे। इसके अलावा 15 दुकानें एवं एक कैंटीन की व्यवस्था भी रहेगी।